भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 15
दिनांक 29 जनवरी, 2026

एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप और डिलिवरी स्थल

†15. श्री नवसकनी के.:
श्री सी. एन. अन्नादुरई:
श्री जी. सेल्वम:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तिरुवन्नामलाई, कांचीपुरम और रामनाथपुरम जिलों में संचालित हो रही एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप और डिलिवरी स्थलों की वर्तमान संख्या कितनी है;

(ख) जनसंख्या के अनुपात में वितरकों की संख्या और समय पर एलपीजी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए इसकी पर्याप्तता का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त जिलों में नए एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप, गोदाम या बॉटलिंग प्लांट स्थापित करने के प्रस्ताव हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) नए एलपीजी बुनियादी ढांचे के लिए स्थानों का चयन करने के लिए उपयोग किए गए मानदंडों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) दूरस्थ और अल्पसेवित बस्तियों में अंतिम छोर तक वितरण में सुधार के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (ड.): सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) द्वारा एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप्स की नियुक्ति किया जाना, एक सतत प्रक्रिया है और एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप्स की स्थापना के लिए स्थलों की पहचान की जाती है और एकीकृत चयन दिशानिर्देश, 2016 के तहत इसे विज्ञापित किया जाता है।

एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए आवेदन की प्रक्रिया को काफी सरल बना दिया गया है और एक पारदर्शी ऑनलाइन चयन प्रक्रिया लागू की गई है। सभी आवेदकों को अपना आवेदन वेब-आधारित पोर्टल https://www.lpgvitarakchayan.in पर प्रस्तुत करना होता है। ऑनलाइन चयन प्रक्रिया में आवेदन की ऑनलाइन प्राप्ति, प्रसंस्करण और ऑनलाइन ड्रॉ ऑफ लाट्स आदि शामिल हैं। पात्रता, एलपीजी गोदाम/एलपीजी गोदाम के लिए भूमि की अवसंरचना आवश्यकता, गोदाम तक पहुँचने वाली संपर्क सड़क, शोरूम, एलपीजी सिलेंडरों की होम डिलीवरी के लिए बुनियादी ढाँचा आदि से संबंधित विस्तृत दिशानिर्देश और चयन प्रक्रिया का विवरण www.lpgvitrakchayan.in पर उपलब्ध है।

दिनांक 1 जनवरी 2026 की स्थिति के अनुसार, देश भर में कुल 25,596 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप्स थीं, जिनमें से 17,668 ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएँ प्रदान कर रही थीं। ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में एलपीजी की पहुँच में सुधार लाने के उद्देश्य से, ओएमसीज ने दिनांक 1 अप्रैल 2016 से दिनांक 31 दिसंबर 2025 के दौरान देश भर में 8027 डिस्ट्रीब्यूटशिप्स कमीशन की हैं, जिनमें से 7434 (अर्थात 93%) ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएँ प्रदान कर रही हैं। दिनांक 1 जनवरी 2026 की स्थिति के अनुसार, तमिलनाडु राज्य के तिरुवन्नामलाई, कांचीपुरम और रामनाथपुरम जिलों में ओएमसीज के कुल 124 एलपीजी वितरक हैं।

दूरस्थ और कम सुविधा प्राप्त क्षेत्रों में अंतिम छोर तक डिलीवरी को और बेहतर बनाने के लिए, ओएमसीज ने कई उपाय किए हैं, जिनमें ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में डिस्ट्रीब्यूटरशिप की कमीशनिंग साझा सेवा केंद्र - ग्राम स्तरीय उद्यमी (सीएससी वीएलई) की नियुक्ति, और ऑर्डर बुकिंग और ट्रैकिंग के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाना शामिल है। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप की संख्या, अन्य वितरण केंद्रों और बॉटलिंग संयंत्रों का विवरण अनुलग्नक-क में दिया गया है।

*****

अनुलग्नक-क

'एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप और डिलिवरी स्थल' के संबंध में दिनांक 29.01.2026 को पूछे गए लोक सभा प्रश्न सं. 15 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

राज्य	जिला	कुल एलपीजी वितरक	सीएससी-वीएलई आदि	बॉटल भरने वाले संयंत्रों की संख्या
तमिलनाडु	तिरुवन्नामलाई	56	125	0
तमिलनाडु	कांचीपुरम	38	136	1
तमिलनाडु	रामनाथपुरम	30	62	0
कुल		**124**	**323**	**1**

स्रोत: सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की सरकारी कंपनियों की ओर से आईओसीएल